बिहार सरकार,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग

आदेश

राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक "आर्थिक हल, युवाओं को बल" के अधीन कुशल युवा कार्यक्रम के संचालन हेतु कौशल प्रशिक्षण केन्द्रों की पंजीकरण की प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी थी । उक्त के आलोक में कटिहार जिले के मनसाही प्रखण्ड में कुशल युवा केन्द्र KYP code 07020018 संचालित करने की अनुमति JIS Foundation को प्रदान की गयी थी। जिला कौशल प्रबंधक से प्राप्त प्रतिवेदन जिसमें उल्लेख किया गया है कि केन्द्र बिना किसी सूचना के निरीक्षण की तिथि को बंद पाया गया, साथ हीं उक्त केन्द्र पर निरीक्षण के समय प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा जिला कौशल प्रबंधक को एक परिवाद पत्र भी समर्पित किया गया, जिसमें उल्लेख किया गया है कि केन्द्र दिनांक–16.5.2019 से बंद है, केन्द्र पर बिजली कटने के पश्चात प्रशिक्षण बाधित हो जाता है एवं केन्द्र पर उपलब्ध जेनरेटर में ईंधन नहीं है, साथ हीं हेड फोन भी खराब है।

उक्त के आलोक में बिहार कौशल विकास मिशन के पत्र संख्या–603 दिनांक–31.05..2019 के द्वारा JIS Foundation से स्पष्टीकरण पूछा गया था ।

JIS Foundation के द्वारा स्पष्टीकरण का जवाब बिहार कौशल विकास मिशन को समर्पित किया गया। जिसमें उनके द्वारा स्पष्टीकरण में वर्णित तथ्यों को स्वीकार करते हुए उल्लेख किया गया है कि केन्द्र पर सारी खामियों को ठीक कर लिया गया है ।

अतः समीक्षो उपरान्त BSDC मनसाही KYP code 07020018 के मई, 2019 बैच के Final Invoice से 30% के राशि की कटौती करने का आदेश दिया जाता है ।

प्रस्ताव में सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है ।

ह0/–
(रंजिता,भा0प्र0से0)
अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

ज्ञापांक–BSDM/SDM–18/2017(खण्ड–1). 270 . पटना,दिनांक– 13/03/20

प्रतिलिपि– (1) JIS Foundation कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेषित।

(2) जिला नियोजन पदाधिकारी, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(3) मिशन निदेशक, बिहार कौशल विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(4) Project Director, MKCL/Project Director,E&Y को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(5) प्रशासी पदाधिकारी/ मिशन प्रबंधक(वित्त एवं लेखा)/मिशन प्रबंधक,(समन्वय) SPMU Incharge कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

(6) जिला कौशल प्रबंधक,कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

13.03.2020

अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन ।

Scanned with CamScanner